# BULANDSHAHRPOLICE

**दिनांक- 05 मार्च, 2025** **थाना खुर्जा देहात**

**विद्युत ट्रांसफार्मर चोर गिरोह के 03 शातिर सदस्य गिरफ्तार, कब्जे से 28 किग्रा तार कॉपर, 61 किग्रा कॉपर रिंग, घटना में प्रयुक्त 01 टाटा कैंटर, अवैध असलहा आदि बरामद।**

जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 04/05.03.2025 की रात्रि में स्वाट टीम व थाना खुर्जा देहात पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर संयुक्त रुप से कार्यवाही करते हुए विद्युत ट्रांसफार्मर चोर गिरोह के 03 शातिर सदस्यों को चोरी किये गये सामान, घटना में प्रयुक्त गाड़ी व अवैध असलहा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना खुर्जा देहात पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-**

1. शहजान पुत्र मुबीन निवासी मौ0 भाटवाला चौराहा कस्बा व थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।
2. असलम पुत्र साबू निवासी अंधेल थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।
3. इब्राहीम उर्फ बिल्लू कबाड़ी पुत्र हाफिज जमील निवासी रिसालदरान खुर्जा गेट कस्बा व थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी-**

1. 28 किग्रा तार कॉपर
2. 61 किग्रा कॉपर रिंग
3. 01 टाटा कैंटर नं0- UP-13CT-7837 (घटना में प्रयुक्त)
4. 02 अवैध तमंचे 315 बोर मय 02 जिंदा कारतूस

***गिरफ्तार अभियुक्त शहजान व असलम ने पूछताछ पर बताया कि उनके द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर विद्युत ट्रांसफार्मर, पार्ट्स व ऑयल चोरी की घटना कारित करते हैं तथा चोरी किये गये सामान को अपने गिरफ्तार साथी इब्राहीम उर्फ बिल्लू कबाड़ी व एक अन्य कबाड़ी को बेचकर आर्थिक लाभ प्राप्त करते हैं। बरामद गाड़ी को अभियुक्तों द्वारा घटना में प्रयुक्त किया जाता हैं जिसे एमवी एक्ट में सीज किया गया हैं।***

गिरफ्तार अभियुक्त शहजान व असलम द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर दिनांक 04.02.2025 की रात्रि में थाना खुर्जा देहात क्षेत्रान्तर्गत मामन खुर्द प्लाई ओवर के पास लगे ट्रांसफार्मर को खुर्द-बुर्द करके ट्रांसफार्मर से कॉपर व ऑयल चोरी करने की घटना कारित की गयी थी जिसके संबंध में थाना खुर्जा देहात पर मुअसं- 43/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत है। बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस व 3/25 शस्त्र अधि0 की वृद्धि की गयी हैं।

गिरफ्तार अभियुक्त शहजान व असलम द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर दिनांक 08/09.01.2025 की रात्रि में जनपद बुलन्दशहर के ग्राम चन्दैरु में स्थित ट्रांसफार्मर से सामान व ऑयल चोरी करने की घटना कारित की गयी थी जिसके संबंध में थाना एंटी पावर थेफ्ट पर मुअसं- 128/25 धारा 136 विधुत अधि0 पंजीकृत है।

गिरफ्तार अभियुक्त शहजान व असलम द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर द्वारा दिनांक 22/23.01.2025 की रात्रि में जनपद बुलन्दशहर सिकन्द्राबाद के करीम नगर कालोनी में लगे ट्रांसफार्मर को चोरी करने की घटना कारित की गयी थी जिसके संबंध में थाना एंटी पावर थेफ्ट पर मुअसं- 403/25 धारा 136 विधुत अधि0 पंजीकृत है।

**स्वाट टीमः-**

1. श्री राहुल चौधरी प्रभारी स्वाट टीम
2. है0का0 कपिल नैन, है0का0 प्रदीप कुमार, है0का0 निकुंज यादव है0का0 राहुल त्यागी, है0का0 मौ0 आरिफ, का0 सचिन चौहान, का0 रोहित कुमार, का0 नरेन्द्र कुमार

**थाना खुर्जा देहात पुलिस टीमः-**

1. श्री मौ0 असलम थाना प्रभारी खुर्जा देहात
2. उ0नि0 धीरज राठी, उ0नि0 प्रदीप कुमार
3. है0का0 सौरभ मलिक, है0का0 विवेक कुमार, है0का0 अजय कश्यप, का0 धर्मवीर सिंह, का0 अंकुर शाक्य

**मीडिया सैल बुलन्दशहर**